अभ्यास Exercise

पाठ-बोध

1. प्रश्नों के उत्तर दें—

- **मौखिक** *(Oral)*

  i) प्राचीन काल में भारत में दूध-घी की नदियाँ बहती थीं।

  ii) भारत में 'श्वेत-क्रांति का जनक' डॉ. वर्गीज़ कुरियन को माना जाता है।

  iii) 'अमूल डेयरी' की स्थापना 1953 में गुजरात के खेड़ा ज़िले के एक गाँव 'आणंद' में की गई।

  iv) 'श्वेत-क्रांति' से भारत का दुग्ध-उत्पादन तेरह करोड़ टन के करीब पहुँच गया, जो पूरे विश्व में एक रिकार्ड है।

- **लिखित** *(Written)*

  i) 23 मई, 1949 को डॉ. वर्गीज़ कुरियन को भारत सरकार की परीक्षण योजना पर काम करने के लिए गुजरात के खेड़ा ज़िले के एक गाँव आणंद भेजा गया।

  ii) त्रिभुवनदास पटेल ने किसानों को सहकारिता का पाठ पढ़ाना शुरू किया था। उनकी दूरदर्शिता और लगन से डॉ. कुरियन प्रभावित हुए।

iii) डॉ. वर्गीज़ कुरियन ने श्वेत-क्रांति लाने के लिए अमूल डेयरी की स्थापना करके दूध के विभिन्न उत्पाद तैयार करने, किसानों को जागरूक बनाने और पशुपालन का उत्तम प्रशिक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए।

iv) दूध के उत्पादन में अभूतपूर्व सफलता दिलाने के लिए डॉ. वर्गीज़ कुरियन को 'मिल्कमैन' की उपाधि दी गई।

2. पाठ के आधार पर उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे करें—

i) श्री कृष्ण को ····कर्मयोगी···· कहा जाता है।

ii) ····डॉ.··कुरियन···· को श्वेत-क्रांति का जनक माना जाता है।

iii) किसान सुबह-शाम ····अमूल··डेयरी···· में दूध जमा करने आने लगे।

iv) 1955 में अमूल प्लांट का उद्‌घाटन करने जवाहरलाल नेहरू ····आणंद···· पहुँचे।

v) ····मिल्कमैन···· डॉ. कुरियन स्वयं दूध नहीं पीते थे।

व्याकरण-बोध

1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें—

i) दो नस्लों को मिलाकर बनाई गई प्रजाति — ····संकर····

ii) अपने कर्म में लगा रहनेवाला — ····कर्मयोगी····

iii) दूर की बात सोचनेवाला — ····दूरदर्शी····

iv) जो पहले कभी न हुआ हो — ····अभूतपूर्व····

v) जिन्हें गिना न जा सके — ····अनगिनत····

2. दिए गए शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखें—

प्रहार = ····प्र···· + ····हार····

अभूतपूर्व = ····अ···· + ····भूतपूर्व····

प्रशिक्षण = ····प्र···· + ····शिक्षण····

विदेश = ····वि···· + ····देश····

प्रदर्शन = ····प्र···· + ····दर्शन····

प्रजाति = ····प्र···· + ····जाति····

3. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम पदों पर ◯ लगाएँ और लिखें—

i) उन्होंने मद्रास यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की। ····उन्होंने····

ii) आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है। ····आपको····

iii) वे त्रिभुवनदास पटेल को गुरु मानने लगे। ····वे····

iv) उन्हें दूध कम कीमत पर बेचना पड़ता था। ····उन्हें····

4. 'ने' के प्रयोगवाले तीन वाक्य लिखें—

i) ····त्रिभुवन··जी··ने··किसानों··को··सहकारिता··का··पाठ··पढ़ाया।····

ii) ····डॉ.··कुरियन··ने··'अमूल··डेयरी'··की··स्थापना··की।····

iii) ····लालबहादुर··शास्त्री··ने··'राष्ट्रीय··डेयरी··विकास··बोर्ड'··की··स्थापना··की।····